हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 13 मार्च, 2020/23 फाल्गुन, 1941 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 20

कुनिहार सिंचाई योजना

984 **श्री वीरभद्र सिंह (अर्की):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि कुनिहार सिंचाई योजना का कार्य धनराशि प्रावधान होने के उपरान्त भी प्रारम्भ नहीं किया गया है; यदि हां, तो इसे कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

मल प्रवाह योजना

985 **श्री वीरभद्र सिंह (अर्की):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दाड़लाघाट मल प्रवाह योजना बनाने का सरकार विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

सड़क सुविधा

986 **श्री वीरभद्र सिंह (अर्की):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार गांव बोई ग्राम पंचायत बेरल को सड़क सुविधा से जोड़ने हेतु क्या पग उठा रही है?

धनराशि का ब्यौरा

987 **श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी कार्यालयों नाहन, पांवटा साहिब व संगड़ाह में किन-किन योजनाओं के लिए विधायक निधि से धनराशि उपलब्ध करवाई गई है;

(ख) क्या विधायक निधि से दी गई धनराशि को निर्धारित समय के भीतर ख़र्च किया गया है; यदि नहीं, तो कारण;

(ग) इस क्षेत्र के अंतर्गत खंड विकास अधिकारी कार्यालय संगड़ाह, पांवटा साहिब व नाहन में 14वें वित्तायोग, मनरेगा, सांसद निधि, आदर्श ग्राम योजना व अन्य योजनाओं के तहत कितनी धनराशि व्यय की गई है; और

(घ) कितनी धनराशि ऐसी है जो लंबे समय से खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में पड़ी है; ब्यौरा योजनावार दे?

पदपूर्ति

988 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि लोक निर्माण विभाग संगड़ाह के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

विज्ञान कक्षाएं

989 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नोहराधार में विज्ञान की कक्षाएं कब आरम्भ की गई हैं; क्या सरकार इस पाठशाला में विज्ञान भवन बनाने का विचार रखती है; यदि हां; तो कब तक?

भवन निर्माण

990 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू़)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जांगला में साइंस लैब व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खशधार के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी तथा कितनी व्यय की गई; इनका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

हैंडपंपों का ब्यौरा

991 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने हैंडपंप लगाए गए हैं; इनकी अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) वर्तमान में कितने हैंडपंपों का पानी पीने योग्य है तथा कितनों का नहीं ; और

(ग) सरकार खराब हैंडपंपों को कब तक ठीक करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

मनरेगा

992 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक मनरेगा के अन्तर्गत जिला कांगडा में कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए तथा कितनी धनराशि स्वीकृत हुई ; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मनरेगा के तहत कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कितने अधूरे हैं; ब्यौरा पंचायतवार दें?

मॉडल विलेज कल्पा

993 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक कल्पा मॉडल विलेज के लिए कितनी धनराशि कब-कब स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा योजनावार दें?

वन निगम का कारोबार

994 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक वन निगम का जिला किन्नौर में कुल कितनी धनराशि का कारोबार हुआ; ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में वन निगम के उपाध्यक्ष कुल कितने दिन किन्नौर प्रवास पर थे और यह प्रवास किस-किस गांव में था; उद्देश्य सहित ब्यौरा दें; और

(ग) प्रवास पर कितना TA और DA वन निगम के उपाध्यक्ष ने क्लेम किया; गाड़ी के पैट्रोल, डीजल पर कितना व्यय किया गया; ब्यौरा दें?

शिलान्यास व उद्घाटन

995 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार ने कौन-कौन से बोर्ड व निगमों के चेयरमैन एवं वाईस चेयरमैन व अधिकारियों को विकास कार्यों के शिलान्यास व उद्घाटन करने के लिए अधिकृत किया है; और

(ख) सरकारी कार्यों के शिलान्यास व उद्घाटन से सम्बन्धित पॉलिसी एवं नियम बनाए गए हैं; यदि हां, तो नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें?

PWD Rest House

996 **Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether it is a fact that the construction work of PWD Rest House at Sairi Bungalow has been completed; if yes, by when it will be inaugurated?

Cases of Damage

997 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 2 years upto 31.01.2020, how many cases of damaged houses/cow sheds/buildings have been reported in Palampur Assembly

Constituency; details of applicants with dates of receipt of applications be given;

(b) how many cases have been sanctioned and how many rejected; details be given; and

(c) how many are lying pending; reasons of pendency be given?

Money Spent on Publicity

998 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

during the last 2 years upto 31.01.2020, how much amount has been spent on publicity of various schemes and advertising of various events of the Government under various Heads and Departments; event wise, scheme-wise, media-wise (outdoor, print, electronic etc.), media house-wise and department-wise details be given?

Closing of Industries

999 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 2 years upto 31.01.2020, how many industries, factories and other industrial establishments have closed down; date of establishment and date of closing down be given;

(b) which of these units were beneficiaries of subsidy and tax holiday and other incentives given by the Government; details be given; and

(c) has any penalty been imposed on the industrial units which have moved out of the Pradesh within one year of their incentive period; details be given?

जाति आधारित जनगणना

1000 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार ओ0बी0सी0 की आबादी के अनुसार जाति आधारित जनगणना करने का विचार रखती है; यदि हां, तो सरकार क्या केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजने का विचार रखती है; और

(ख) प्रदेश में ओ0बी0सी0 हेतु कितने प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है?

Generic Medicines

1001 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the Government is providing 360 Generic Medicines in Government Hospitals; details of Medicine in stock in each health institution in District Shimla, Kullu, Chamba, Sirmour and Kinnaur be given;

(b) in how many Health institutions of District Shimla the staff has been recruited through the RKS; categorywise details be given; and

(c) in how many hospitals in District Shimla, not a single patient was admitted for any kind of ailment?

Water Carriers

1002 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that how many schools in the State are without the posts of Water Carrier and by when these posts will be filled up; a copy of the guidlines for the recuritment of water carrier be laid on the Table of the House?

Veterinary Dispensaries

1003 Sh. Rakesh Singha (Theog):

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) how many Veterinary Dispensaries are in Theog Assembly Constituency and what is the staff in each of them; and

(b) what are the number of animals in the jurisdiction of each Veterinary Dispensary; comparative report as per the two animal census in respect to the population of animals be given?

Shimla : 171004 . **Yash Paul Sharma ,**

Dated: 26th February, 2020. **Secretary .**